# जागरण : नर्मदापुरम् : इटारसी : बैतूल : हरदा

www.dainikjagranmpcg.com ✹ सिवनी-मालवा ✹ पिपरिया ✹ सोहागपुर ✹ मुलताई ✹ सारनी ✹ आमला ✹ टिमरनी ✹ खिरकिया भोपाल 22 दिसंबर 2025


## न्यूज कार्नर

### अधिवक्ता संघ चुनाव में नागवंशी ने मारी बाजी



**जागरण, पिपरिया।** अधिवक्ता संघ चुनाव रविवार को संपन्न हुए जिसमें अध्यक्ष पद पर धर्मेंद्र नागवंशी ने अपनी जीत दर्ज कराई तो वही उपाध्यक्ष शरद द्विवेदी सचिव वेद भार्गव,सहसचिव राजेश रजक, कोषाध्यक्ष बृजेश कुमार पटेल, ग्रंथपाल भूपेंद्र साहू निर्वाचित हुए है। अध्यक्ष पद में धर्मेंद्र नागवंशी को 87, रजनीश शर्मा को 59, कमलेश पुर्विया को 46, शकुंतला मौर्या को 35 वोट मिले। उपाध्यक्ष में शरद द्विवेदी को 80 वोट, संजय दुबे को 74, किशोर डाबर को 55, मकरंद अहिरवार को 14 वोट मिले है। सचिव पद में वेद प्रकाश भार्गव को 140 वोट जीतेंद्र तिवारी 86, अमान्य 3, सहसचिव राजेश रजक को 162 वोट, मोहन कुशवाहा को 56 मिले है। ग्रंथपाल पद में भूपेंद्र साहू 121 वोट, धर्मेंद्र को 101, अमान्य मत 8, कोषाध्यक्ष पद पर बृजेश पटेल को 163 वोट व अमित शर्मा को 66 मत मिले है।

### पूर्व नपाध्यक्ष से मिले नव नियुक्त नगराध्यक्ष



**जागरण, नर्मदापुरम।** नगर कांग्रेस के नव नियुक्त नगर अध्यक्ष कमलेश बाथरे ने वरिष्ठ नेताओं से मिलकर सौजन्य भेंट की। श्री बाथरे पूर्व नपाध्यक्ष मीना वर्मा से मिले और नगर में संगठन को मजबूत करने के लिए मार्गदर्शन लिया। श्रीमती वर्मा ने कमलेश बाथरे को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि वे जनहित के मुद्दों पर संघर्ष कर अपने कार्यकाल में कांग्रेस संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। श्री बाथरे ने आश्वस्त किया कि वे युवा साथियों के सहयोग और वरिष्ठजनों के अनुभव का समायोजन कर संगठन को मजबूत करने का प्रयास करेंगे।

## फूलों की होली के साथ रासलीला महोत्सव का समापन

**जागरण, नर्मदापुरम।** स्थानीय स्वयंवरम गार्डन में चल रहे रासलीला महोत्सव का शनिवार को फूलों की होली के साथ समापन हो गया। इसके पूर्व बरसाना की लट्ठमार होली हुई और मुंदरी चोरी लीला का दर्शन हुआ। ज्ञात रहे कि समेरिटन्स ग्ररुप ऑफ स्कूल्स द्वारा आयोजित अष्ट दिवसीय रामलीला महोत्सव का आयोजन किया गया था। लीला के समापन अवसर पर परंपरागत रूप से फूलों की होली हुई। इस दौरान भगवान कृष्ण और राधारानी को दो क्विंटल से अधिक फूलों से सजाया गया। बाद में होली खेली गई। समापन अवसर पर समेरिटन्स ग्रुप के डायरेक्टर डा आशुतोष शर्मा ने अपने संदेश में कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में सकारात्मकता और संस्कारों का वातावरण बनते हैं। ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए। उन्होंने आयोजन में सहयोग करने वाले सभी संस्थाओं और भक्तों का आभार व्यक्त किया। वृंदावन की लीला मंडली के प्रमुख रासाचार्य स्वामी फतेह कृष्ण शर्मा ने डॉ शर्मा के शिक्षा, संस्कृति और आध्यात्मिक क्षेत्रों में किया जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। अर्ध रात्रि तक चली लीला में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा।



# पलकमती नदी में बैराज एवं प्राचीन निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर जारी

## शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का प्रथम तल भी तैयार

**जागरण, सोहागपुर।** नगर की पलकमती नदी पर वर्तमान में बैराज और पिचिंग का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। कार्य की गति को तेज करने और समय सीमा के भीतर पूरा करने के लिए निर्माण कार्य रात के समय भी निरंतर जारी है। इस बैराज का निर्माण लाखों रुपये की लागत से किया जा रहा है। इस कार्य का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण और नदी के किनारों को मजबूती प्रदान करना है ताकि वर्षा काल में कटाव को रोका जा सके। नदी सौंदर्यीकरण की दिशा में भी यह कार्य मील का पत्थर साबित होगा। हालांकि यह और बात है कि नदी का वास्तविक श्रृंगार नदी में जल की उपलब्धता , हरित पौधे एवं हरियाली नुमा वातावरण से होता है लेकिन फिर भी मध्य प्रदेश शासन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से करोड़ों रुपए के विकास कार्य निरंतर प्रगति पर होना निश्चित रूप से क्षेत्र के विधायक विजयपाल सिंह एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की लगनशीलता एवं क्षेत्र के प्रति समर्पण को प्रदर्शित करता है।



मानसून के दौरान निर्माण का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त होने की खबरें भी सामने आई थीं , जिसके बाद सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा एवं उप यंत्री बृजेश खानुरकर द्वारा निर्माण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश संबंधित ठेकेदार को दिए गए हैं। प्रशासनिक अधिकारियों और स्थानीय प्रतिनिधियों द्वारा समय-समय पर निर्माण स्थल का औचक निरीक्षण किया जा रहा है ताकि कार्य में पारदर्शिता और तेजी बनी रहे। यह निर्माण कार्य सोहागपुर नगर के जल स्तर को सुधारने और पलकमती नदी के सौंदर्यीकरण की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

**दुकानें शीघ्र होगी आवंटित**

सोहागपुर में वर्तमान में चहुंमखी विकास कार्य देखने को मिल रहे हैं नदी में बैराज एवं पिचिंग निर्माण कार्य के साथ करोड़ों रुपए की लागत से सीसी सड़कों का निर्माण एवं निर्माणाधीन शॉपिंग कांप्लेक्स इसके जीवंत उदाहरण है। रेस्ट हाउस चौराहे पर पूर्ण हो चुका भव्य स्वागत द्वार नगर विकास की गाथा में चार चांद लग रहा है। इसी प्रकार से नवीन बस स्टैंड पर शॉपिंग कंपलेक्स का निर्माण कार्य जारी है प्रथम तल पर दुकानों का निर्माण पूर्ण हो चुका है जो शीघ्र ही उन दुकानदारों को आवंटित की जाएगी , जिनकी पहले से यहां दुकानें थी। साथ ही जो अतिरिक्त दुकानें बनाई गई हैं उन्हें भी अन्य व्यापारियों को नीलामी के माध्यम से आवंटित करने का काम नगर परिषद कराएगी। गौरतलब है कि जिन व्यापारियों की नवीन बस स्टैंड के रैन बसेरा में पुरानी दुकानें थी उनके द्वारा नवीन दुकानों के निर्माण हेतु कुछ राशि जमा कराई गई थी उक्त राशि के अतिरिक्त निर्माण कार्य पर नप द्वारा खर्च की गई राशि जमा कर व्यापारी नवीन दुकान प्राप्त करेंगे। सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा द्वारा भी विगत दिनों एक बैठक आहूत कर व्यापारियों को विधिवत दुकानें प्राप्त करने के लिए राशि इत्यादि की व्यवस्था बनाने की बात कही गई थी।

## नियुक्तियों को लेकर कांग्रेस में बवाल

कांग्रेस पार्टी में चाहे कार्यकर्ता की काम करने की इच्छा न हो पर जो नियुक्तियां होती है उसका विरोध करने की परम्परा जरूर है। राष्ट्रीय नेतृत्व ने दावा किया कि जमीनी स्तर पर सर्वे और कार्यकर्ताओं से नाम लेकर जिलाध्यक्ष की नियुक्ति की गई है लेकिन जब जिलाध्यक्ष नियुक्त किए थे तब भी कई जगह जिलाध्यक्षों का मुखर विरोध हुआ था। अब जबकि गत दिवस प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने ब्लाक अध्यक्षों की नियुक्तियां की तो जिले में भी कुछ नए लोगों सहित 13 ब्लाकाध्यक्ष नियुक्त किए गए इनमें से कुछ नियुक्ति पर बवाल मचा हुआ है। किसी अध्यक्ष को संघी विचारधारा का बताया जा रहा है तो किसी को संगठन के कार्यकर्ता पहचानते ही नहीं यह आरोप लग रहा है। कार्यकर्ता का आरोप है कि कांग्रेस संगठन के कमजोर होने का कारण ही ये है कि यहां आम राय नहीं होती सब कुछ नेताओं के कोटे से चलता है चाहे चुनावी टिकट हो या फिर संगठन का पद कांग्रेस में यही परम्परा चली आ रही है।

**चाचा की चकल्लस**



**राजेंद्र ठाकुर, नर्मदापुरम**

चकल्लस चाचा का कहना है कि कांग्रेस में काम करने वाले कम, कोसने वाले ज्यादा है। सत्ता गए दशक हो गया पर कहावत है कि रस्सी जल गई बल नहीं गया। यही हालात रहे तो कांग्रेस अर्श से फर्श पर आई है और कुछ दिन बाद गर्त में चली जाएगी तो ढूंढते रह जाओगे।

### किसी के पास काम नहीं तो कहीं चल रहा प्रभार से काम

संभाग मुख्यालय में प्रशासन के अजीब हालात है कुछ विभागों में उच्च पद रिक्त है या फिर चहेतों के लिए अभी भी खाली रखे गए है जिन पर प्रभारी ही कार्यरत है। उद्यानिकी, एग्रीकल्चर, नागरिक आपूर्ति सहित दर्जन भर महत्वपूर्ण विभाग में संभागीय अधिकारी ही नहीं है लंबे समय से यहां प्रभारी से ही काम चल रहा है। दूसरी और कलेक्ट्रेड में अपर कलेक्टर स्तर के अधिकारी के पास कोई महत्वपूर्ण विभागीय जिम्मेदारी नहीं है। बताया गया कि इन साहब की नियुक्ति जीएडी ने जिस पद पर की थी वह पद यहां था ही नहीं सो अब अधिकारी नई पदस्थापना की बाट जोह रहे है।

चकल्लस चाचा का कहना है कि किसी के भाग्य में मलाई, मक्खन और कोई महेरी को तरस रहा है हालांकि भाग्य से ज्यादा प्रशासन में लक्ष्मी जी की कृपा चाहिए तभी तो उच्च प्रभार मिलता है और चलता भी रहता है।

### आखिर कटर साथ लाने की जरूरत क्यों पड़ी?

जिला मुख्यालय पर नव पदस्थापना पर एक अधिकारी पुरानी पोस्टिंग की जगह से एक गैर सरकारी मातहत को साथ लाए है जो हमेशा उनके साथ रहता है। लोगों ने उस साथी को कटर नाम दिया है चूंकि सारी डील उसके माध्यम से ही होती है। वही तय करता है कि कोई काम, कितने काम का है? बताते है डीलिंग करते करते ये भी सारे दांव पेंच नियम कायदे और सारे फायदे समझने लगे है। बस परीक्षा देकर वो भी साहब बनने की तैयारी में है। चकल्लस चाचा का कहना है कि मुख्यालय पर लोकायुक्त की बढ़ती कार्यवाही का भय कहो या सतर्कता। साहब खुली बल्लेबाजी के शौकीन है तो लोकायुक्त की कार्यवाही से बचने सारी डील कटर ही तय कर रहा है ताकि कोई रिस्क न रहे।

## फ्रेंड्स रुलर सेंटर के क्रिश्चियन मेले में स्पर्धाएं

**जागरण, नर्मदापुरम।** रविवार को फ्रेंडस रुलर सेंटर रसूलिया में यूथ क्रिश्चियन फैलोशिप एवं पास्टर्स फैलोशिप द्वारा क्रिश्चियन मेले एवं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों एवं बड़ों ने उत्साहपूर्वक खेल प्रतियोगिता में भाग लिया। खेलकूद प्रतियोगिता में कुर्सी दौड़, चम्मच दौड़, कपल्स गेम, सहित अन्य गेम का आयोजन किया गया। साथ ही तरह-तरह के व्यंजन के स्टॉल भी लगाएं गए। आयोजन के प्रतिभागियों के पुरस्कार के वितरण आगामी कार्यक्रमों में किए जाएंगे।



## स्वच्छता अभियान के पुनीत कार्य में हम सभी को आगे आना चाहिए : विजयपाल सिंह

**जागरण, नर्मदापुरम।** नर्मदा किनारे घाटों पर चल रहे स्वच्छता अभियान जैसे पुनीत कार्य में हम सभी को सहभागिता निभानी चाहिए। अभा कायस्थ समाज मातृशक्ति की यह अनुकरणीय और प्रशंसनीय पहल है कि वह हर रविवार घाटों पर साफ सफाई कर करते हैं। यह बात रविवार को स्वच्छता अभियान में शामिल हुए सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि अभियान में मातृ शक्ति द्वारा नर्मदा किनारे से फूल माला व अन्य सामग्री को बाहर निकालकर जल को प्रदूषित होने से बचाया जाता है यह वंदनीय है। श्रद्धालुओं से उन्होंने कहा कि वह डस्टबिन में कचरा डालें फूल पत्ती आदि को नर्मदा में ना फेंके। उन्होंने समाज और संगठनों से भी साफ सफाई अभियान में शामिल होने की बात कही।



इस मौके पर राजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव, नपा उपाध्यक्ष अभय वर्मा, सीबी खरे, केशव देव वर्मा, मनोज वर्मा, गुड्डू वर्मा, सुरेन्द्र यदु, लालता प्रसाद, दुलारे, आदित्य दीपक थापक मंजू श्रीवास्तव, ज्योति वर्मा, प्रीति खरे, सुमन वर्मा, अनीता वर्मा, जानकी, श्रद्धा यदु, अदिति वर्मा, रश्मि वर्मा, नेहा थापक, रश्मि सक्सेना, रश्मि वर्मा, अश्वनी वर्मा, विजय वर्मा, अशोक वर्मा मौजूद थे।

### बाईराम आश्रम में नही होगा पॉलीथिन का उपयोग

विधायक विजयपाल ने कहा कि बांद्राभान आश्रम में एक पहल शुरू की गई है कि आश्रम में कोई भी व्यक्ति चाहे वह परिक्रमावासी हों या आमजन पॉलिथीन का उपयोग नहीं करेंगे इसका संकल्प दिलाया जाता है। नर्मदा परिक्रमावासी भी स्वयं संकल्प लेते हैं और अन्य लोगों को पॉलिथीन का उपयोग नहीं करने का संकल्प दिलाते हैं। आश्रम में परिक्रमा वासियों के लिए सदा व्रत का यह कार्यक्रम निरंतर चलते आ रहा है। यह सब मां नर्मदा की कृपा का आशीर्वाद है।

## समेरिटन्स स्कूल में बच्चों को बताया गुड टच, बेड टच




**जागरण, इटारसी।** समेरिटन्स स्कूल इटारसी में गत दिवास बच्चों को बताया गुड टच, बेड टच के बारे में बताया गया। उक्त कार्यशाला में मुख्य अतिथि वार्ड 13 की पार्षद एवं राजस्व समिति अध्यक्ष अमृता ठाकुर थी। कार्यक्रम में विशेष अतिथि एवं विषय विशेषज्ञ के रूप में पुलिस विभाग से रीना खरे उपस्थित रहीं। अन्य अतिथियों में समेरिटन्स ग्रुप आफ स्कूल्स कोओडिनेटर आरके सिंह, मैनेजर शिखा खम्पारिया, विषय विशेषज्ञ अंशिता दास एवं राधिका भोंडेले उपस्थित रहीं। श्रीमती ठाकुर ने बच्चों से गुड टच, बेड टच पहचानने एवं सावधान रहने की जरूत पर जोर दिया। रीना खरे ने बच्चों को गुड टच, बेड टच पहचानने के तरीके बताये। साथ ही पुलिस द्वारा दी जाने वाली सहायता से बच्चों को अवगत कराया।

उन्होंने रोचक तरीके से बच्चों को इस विषय बच्चों को कानूनी प्रावधानों के विषय में जानकारी दी। कार्यक्रम में बच्चों के अभिभावक, स्कूल स्टाफ एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बच्चों ने गुड टच, बेड टच विषय पर नाटिका प्रस्तुत की। विद्यालय के प्राचार्य प्रशांत दीक्षित ने अभिभावकों तथा बच्चों को विषय की गंभीरता तथा जरूरत से अवगत कराया और सभी अतिथियों का आभार माना। कार्यक्रम का संचालन महिका मित्तल ने किया।

## तुलसी कप : सेंटपॉल की टीम बनी विजेता

**जागरण, नर्मदापुरम।** तुलसी कप का फाइनल मैच रविवार को गर्वमेंट एक्सीलेंस स्कूल एवं सेंट पॉल स्कूल के बीच मालाखेड़ी जनपद भूमि परिसर मैदान पर खेला गया। फायनल मैच में एक्सीलेंस स्कूल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। सेंटपॉल की टीम ने शुरुआत में मजबूत बल्लेबाजी की और 105 रनों तक कोई विकेट नहीं गिरने दिया। रेहान 23 गेंद पर 47 रन बनाकर रन आउट हो गए उन्होंने अपनी पारी में पांच छक्के लगाए दूसरी ओर अंबर लगातार रन बनाते रहे और वह 24 गेंद पर 56 रन बनाकर टोनी द्वारा बोल्ड किए गए। उन्होंने पारी में दो छक्के लगाए। बाद में निखिल के 8 गेंद पर बनाए 17 रन और अनमोल के चार गेंद पर 14 रन की बदौलत सेंट पॉल्स की टीम ने 149 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। बड़े स्कोर के दबाव में उतरी एक्सीलेंस स्कूल की टीम ने शुरुआती दो विकेट मोहित और टोनी के रूप में जल्दी गवा दिए परंतु दया ने 8 छक्कों के साथ 12 गेंद पर 54 रन बनाकर कुछ आस जगाई। इनके अलावा लालजी ने सात गेंदों पर 17 रन बनाए पर पिछले मैच के हीरो रहे नीलेश के रन आउट होते ही जीत की उम्मीद खत्म हो गयी और आखिरकार नवमे ओवर की पांचवीं गेंद पर 10वां विकेट गिरने के साथ ही एक्सीलेंस की टीम 115 रन के स्कोर पर आलआउट हो गयी। सेंटपाल के आकिब एवं सार्थक को तीन-तीन विकेट तथा निखिल ने दो विकेट लिए। स्वदेशी जागरण मंच के डॉ योगेश मोहन सेठा, समाजसेवी जमील खान, सनराइज स्कूल प्राचार्य डीएस राजपूत, रंगकर्मी एडवोकेट चैन सिंह मीणा, मुकेश मालवी आदि ने खिलाड़ियों को पुरूस्कृत किया। श्री सेठा ने कहा कि खेल के मैदान पर श्रेष्ठ प्रदर्शन कर विजेता बनने के साथ-साथ जिन खिलाड़ियों ने सहभागिता निभाई वह भी बधाई के पात्र हैं।



**श्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में** नाना, अमन, अशोक, हिमांशु, टोनी, स्वयं, शरद, मोहित, कृष्णपाल, आमिर, मोहित, रणविजय, वैभव, मनीष, निलेश, रेहान, हृदेस, आमिर, मैन ऑफ़ द सीरीज टोनी, फाइनल के मैन ऑफ द मैच रेहान, बेस्ट बॉलर आमिर को अतिथियों द्वारा पुरूस्कृत किया गया। अजय शर्मा ने सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। टूर्नामेंट के दौरान निर्णायक पैनल में दीपू कहार, मयंक, अभिषेक, मनोज, प्रदीप मालवीय, विवेक वर्मा, विवेक गौर, फैजान खान, रिजवान खान, इम्तियाज़ खान शामिल रहे।

## व्यवस्थाओं को सशक्त करने मिशन परिवर्तन बना प्रशासनिक मॉडल

**जागरण, नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिले की समस्त शासकीय शालाओं, आंगनवाड़ी केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों तथा छात्रावासों का अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से स्थल भ्रमण कर निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान इन संस्थानों में विद्यमान समस्याओं एवं अनियमितताओं की पहचान कर उनके सुधार हेतु संबंधित विभागीय जिला अधिकारियों को सूचित किया जा रहा है, जिससे व्यवस्थाओं में सुधार की दिशा में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित हो रही है।

निरीक्षण के दौरान कई बार अधिकारी स्वयं पहल करते हुए संस्थानों की महत्वपूर्ण आवश्यकताओं की पूर्ति भी कर रहे हैं। शासकीय शालाओं में बेंच की व्यवस्था, आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों के लिए खिलौने, नई ड्रेस सहित अन्य आवश्यक सामग्री निरीक्षणकर्ता अधिकारियों द्वारा स्वयं उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अतिरिक्त अधिकारी छात्रावासों एवं शासकीय शालाओं में पहुंचकर विद्यार्थियों के साथ समय व्यतीत करते हुए उन्हें उच्च शिक्षा के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं। विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास हेतु प्रेरक सुझाव साझा किए जा रहे हैं, जिससे उनमें आत्मविश्वास एवं लक्ष्य के प्रति जागरूकता बढ़े। जिन व्यवस्थाओं में विभागीय हस्तक्षेप आवश्यक होता है, उनके संबंध में संबंधित जिला अधिकारियों को सूचित कर नियमित अनुवर्ती कार्रवाई की जा रही है, ताकि समस्याओं का शीघ्र एवं स्थायी निराकरण सुनिश्चित किया जा सके। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष भी इसी प्रकार अधिकारियों द्वारा शासकीय शालाओं एवं छात्रावासों का सतत निरीक्षण किया गया था। वर्ष 2024- 2025 हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणामों में अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए जिले ने पूरे प्रदेश में विशेष उपलब्धि प्राप्त की थी। इस उपलब्धि में कही न कहीं अधिकारियों द्वारा शालाओं का निरीक्षण, विद्यार्थियों को शिक्षा एवं परीक्षाओं के लिए दिये गये मार्गदर्शन ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया था। इस पहल के माध्यम से यह सुनिश्चित किया गया है कि निरीक्षण केवल औपचारिक न होकर समस्या-समाधान केंद्रित हो।

### मिशन केवल निरीक्षण तक सीमित नहीं रहे : कलेक्टर



फाइल फोटो

कलेक्टर सोनिया मीना ने बताया कि मिशन का उद्देश्य जिले में स्थित स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों, छात्रावासों और स्वास्थ्य संस्थाओं को शासन के निर्देशों के अनुरूप, उच्चतम गुणवत्ता के स्तर पर संचालित करना है। हमारा प्रयास है कि मिशन केवल निरीक्षण तक ही सीमित नहीं रहे, अपितु इससे व्यवस्थाओं को और प्रभावी एवं सुदृढ़ किया जा सके। उन्होंने बताया कि यदि निरीक्षण के दौरान किसी भी स्तर पर कोई समस्या सामने आती है, तो संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर उसका समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। जिन समस्याओं का समाधान विभागीय संसाधन संभव हों, वहां विभागीय संसाधनों से तथा जहां आवश्यकता हो, वहां व्यक्तिगत प्रयासों से भी व्यवस्थाओं को और मजबूती प्रदान करने के हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।


यूनियन बैंक ऑफ इंडिया — भारत सरकार का उपक्रम — Union Bank of India — A Government of India Undertaking

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालयः नर्मदापुरम्
भूतल, प्लाट नं. 46/4, वार्ड नं. 25, एन.एच. 69,
गीता भवन के पास, रसूलिया होशंगाबाद (म.प्र.) 461001

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) का परन्तुक देखें ]

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का कब्जा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (प्रतिभूत लेनदार) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर निम्नवर्णित ऋणियों से यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (प्रतिभूत लेनदार) की निम्नवर्णित बकाया राशि की वसूली हेतु दिनांक 09 जनवरी 2026 को बेचा जाएगा।

| ऋणी (यो)/ बंधककर्ता (ओ)/ जमानतदार (रो) का नाम | अनुसूची (संपत्ति का विवरण) | आरक्षित मूल्य / ईएमडी | मांग सूचना अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|
| यूनियन बैंक ऑफ इंडिया होशंगाबाद शाखा, होशंगाबाद | | | |
| ऋणी- 1. श्रीमती गीता मेहरा पत्नि के.एस. मेहरा 2. श्री के. एस. मेहरा पुत्र मर्दन सिंह मेहरा | संपत्ति का समस्त भू भाग रिहायशी भूमि एवं भवन स्थित मकान नं. 40, पूर्व से पश्चिम 40 फिट, उत्तर से दक्षिण- 25 फिट, कुल क्षेत्रफल- 1000 वर्गफिट, डायवर्टेड खसरा नं. 99/2 एवं 99/3 मे से, किसनपुर उर्फ आदमगढ़, होशंगाबाद तहसील एवं जिला होशंगाबाद संपत्ति मालिक- श्री के.एस. मेहरा एवं गीता मेहरा चर्तुसीमाएं- डीड के अनुसार : उत्तर- उदयपुरे जी का प्लाट नं. 39, दक्षिण- मेसर्स रेवा प्रापर्टी का प्लाट नं. 41, पूर्व- चौरे जी का प्लाट नं. 49, पश्चिम-कालोनी रोड | ₹ 29,61,000/- आरक्षित मूल्य का 10% | ₹ 26,94,040.95 + ब्याज एवं खर्चे; मांग सूचना दिनांक 30/01/2025 |

ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 09-01-2026, दोपहर 12.00 से सायं 5.00 बजे तक (10 मिनिट के असीमित विस्तार पर)

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट देखें।
www.unionbankofindia.co.in & https://baanknet.com
पंजीयन, लॉगइन एवं नीलामी के नियम हेतु अवलोकन करें- https://baanknet.com
तारीख :20.12.2025, स्थानः होशंगाबाद (म.प्र.) प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

**हरदा में अब तक का सबसे बड़ा आंदोलन, अन्य राज्यों से भी लोग शामिल हुए**

# जनक्रांति न्याय आंदोलनः प्रशासन की बर्बरता पर जमकर बरसे करणी सैनिक





**जागरण, हरदा।** करणी सेना के आव्हान पर 21 सूत्रीय मांगो को लेकर विभिन्न स्थानों से पहुंची जनक्रांति न्याय यात्रा में हरदा के नेहरू स्टेडियम पूरी तरीके से खचाखच भरा हुआ था। नेहरू स्टेडियम के आसपास के क्षेत्र की गैलरी भी भरी हुई नजर आयी। करणी सेना ने दावा किया कि संभवतः यह मध्यप्रदेश में सबसे बड़ा आदोंलन है। आयोजकों ने बताया कि इस आंदोलन में करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष जीवनसिंह शेरपुर के अलावा हरियाणा के सूरजपाल सिंह अमू, राजसिंह शेखावत, महिपालसिंह मकराना के नेतृत्व में यह आंदोलन किया जा रहा है। जीवन सिंह इस आंदोलन के लिए पिछले आठ दिनों से अनशन पर हैं, जिनका समय-समय पर डॉक्टरों के द्वारा चैकअप किया जा रहा है। अयोजकों ने कहा कि करणी सेना के जनक्रांति न्याय आंदोलन को 36 संगठनों का समर्थन मिला। नेहरू स्टेडियम में आज सुबह से प्रारंभ हुआ यह आंदोलन मांगें पूरी नही होने के चलते देर शाम तक जारी रहा। करणी सेना ने जिला प्रशासन से अपनी मांगों की पर चर्चा के लिए सर्वसमाज के साथ समिति बनाकर भेजा गया था, जिनके द्वारा जिला प्रशासन से चर्चा की गई थी। हांलाकि जिला प्रशासन को 3 बजे तक समय दिया गया था, किंतु यह चर्चा देर शाम तक चलती रही। इसके पूर्व जनक्रांति न्याय आंदोलन के लिए आज सुबह से जिले की चारों सीमाओं से वाहनों का आवगामन बना रहा, जिसके कारण छिपानेर में जाम की स्थिति बन गई। आवागमन को सुचारू करने के लिए पुलिस प्रशासन को काफी मशक्कत करना पड़ी। करणी सेना के जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि इस आंदोलन में भाग लेने के लिए मध्य प्रदेश के अलावा राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, गुजरात से करणी सेना के सदस्य शामिल होने पहुंचे थे।

## लाठीचार्ज के दोषियों की होगी जांच

विगत 13 जुलाई को हरदा के राजपूत छात्रावास में बर्बरता पूर्वक हुए लाठी चार्ज तथा करणी सेना के प्रमुख जीवनसिंह शेरपुर पर लाठी चार्ज प्रकरण को अपने 21 सूत्रीय मांग में शामिल किया गया था, जिसको जिला प्रशासन के द्वारा मानते हुए दोषी अधिकारियों की मजिस्ट्रियटल जांच की बात कही है।

## आंदोलन दिल्ली तक जायेगा, चुनावों में भी उतरेंगे

करणी सेना के प्रमुखों ने बताया कि आंदोलन की शेष मांगों के लिए दिल्ली कूच करेगा तथा केन्द्र से बात करेगा।

करणी सेना के प्रमुख जीवनसिंह शेरपुर ने अपनी मशां जाहिर करते हुए सरकार को अल्टीमेटम दिया है कि जिस प्रकार से सरकार का असहयोगात्मक रवैया है, उसे देखते हुए न्याय की लड़ाई के लिए अब करणी सेना अब राजनैतिक मैदान में जोर अजमाईश करेगी। आगामी समय में देश के साथ प्रदेश और ग्राम पंचायतों के चुनाव में भाग लेगी। करणी सेना के महिपालसिंह मकराना ने बताया कि आगामी समय में उत्तरप्रदेश के चुनाव होना है, उसमें करणी सेना शंखनाथ करेगी। करणी सेना के प्रमुखों ने कहा कि यह चुनाव केवल राजपूत समाज नहीं लड़ेगा, बल्कि सर्वसाज के लोगों की इसमे सहभागिता होगी, जिनका समर्थन हमें भरपूर मिल रहा है। जिला स्तर की मांग पूरी होने पर करणी सेना के प्रमुख जीवन सिंह शेरपूर ने आंदोलन को समाप्त करने की मंच से घोषणा की। इसके बाद सभी आंदोलनकारी अपने-अपने गंतव्य की और रवाना हो गये और प्रशासन ने राहत की सांस ली। इसके अलावा इस आंदोलन को लेकर पिछले आठ दिनो से अनशन कर रहे जीवन सिंह शेरपुर को संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों के आग्रह पर जूस पिलाकर उनके अनशन को समाप्त कराया गया। शेरपुर के अलावा उनके अन्य साथियों ने भी अन्न त्याग दिया था, जिन्हे भी जूस पिलाकर उनका अनशन समाप्त करा दिया गया।

### पांच पुलिसकर्मी निलंबित, पीएचक्यु अटैच

करणी सेना की मांग पर 12-13 जुलाई को करणी सैनिकों के अलावा छात्रावास में बर्बर तरीके से लाठियां बरसाने पांच पुलिस कर्मियों को निलंबित कर पीएचक्यू अटेच करने के आदेश दिये गये हैं। देर शाम इस आंदोलन को समाप्त करने की घोषणा कर दी गई। मिली जानकारी के अनुसार अनिल गुर्जर, रिपूदमन राजपूत, संजु चौहान, तुषार धनगर और ललित गौड को निलंबित किया गया है।

# हिन्दू सम्मेलनः भजन, विविध वेशभूषा हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ होगा

## संगठित हिंदू-समर्थ भारत के तहत होगा हिंदू सम्मेलनों का आयोजन



**जागरण, टिमरनी।** सामाजिक समरसता एवं संगठित हिंदू-समर्थ भारत की भावना के उद्देश्य से देशभर में हिंदू सम्मेलनों का आयोजन चल रहा है। इसी के अंतर्गत टिमरनी नगर की केशव बस्ती वार्ड नंबर 11, 12, 13, 14 और 15 व माधव बस्ती एवं विवेकानंद बस्ती का हिंदू सम्मेलन सहभोज सह परिवार कार्यक्रम सकल हिंदू समाज एवं हिंदू सम्मेलन समिति के तत्वावधान में आयोजित होने जा रहे है। जिसमें केशव बस्ती का सम्मेलन 28 दिसंबर 2025 रविवार को गुर्जर छात्रावास में प्रातः10 बजे से 2 बजे तक आयोजित होगा। इसी तरह माधव बस्ती का हिंदू सम्मेलन एवं सह भोज का आयोजन 4 जनवरी 2026 रविवार को प्रातः 10 बजे से 2 तक स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में संपन्न होना है। इसी क्रम में विवेकानंद बस्ती का हिंदू सम्मेलन दिनांक 11 जनवरी 2026 रविवार को इसी समय पर गीता मैरिज गार्डन में संपन्न होगा, जिसमें हजारों की संख्या में समस्त जाति, बिरादरी के हिंदू बंधु, भगिनी सम्मिलित होंगे।

इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन मंडली, विविध वेशभूषा, हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ आदि अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत होंगे। कार्यक्रम के कोषाध्यक्ष ने बताया कि इसी के अंतर्गत भूमि पूजन कार्यक्रम स्थानीय गुर्जर छात्रावास में संपन्न हुआ। भूमि पूजन यात्रा का प्रारंभ इतवारा चौक से वंशकार मोहल्ला, हरदौल बाबा, शक्ति माता, गुर्जर छात्रावास, सूर्या टावर, कृष्ण कुंज कॉलोनी से होता हुआ गुर्जर छात्रावास में पहुंचा, जहां भूमि पूजन हुआ। इस आयोजन में 150 से अधिक माताओं-बन्धुओं ने अपनी उपस्थिति दी। इन आयोजनों को लेकर नगर में उत्साह का वातावरण है। इस आयोजन के लिए कार्यकर्ता घर-घर जाकर आमंत्रण पत्रक एवं पीले चावल का वितरण कर रहे हैं। समस्त हिंदू समाज का इस कार्य में भरपूर सहयोग मिल रहा है।

# ब्यूटी पार्लर, ग्राफिक्स एवं एनीमेशन डिजाइनिंग का दिया जाएगा प्रशिक्षण

**जागरण, टिमरनी।** भाऊ साहब भुस्कुटे शासकीय महाविद्यालय टिमरनी में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत विद्यार्थियों को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं ग्राफिक्स एवं एनीमेशन डिजाइनिंग विषय पर 60 घंटे का अल्पावधि रोजगारोन्मुखी एवं मुख्य प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में सह प्रभारी डॉ दीपक मालाकार ने जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों को कम समय में व्यावहारिक एवं तकनीकी दक्षता प्रदान करने हेतु तैयार किया गया है, जिससे वे प्रशिक्षण पूर्ण करने के पश्चात अल्पावधि में रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकें अथवा स्वयं का कार्य प्रारंभ कर सकें। ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण छात्राओं के लिए विशेष रूप से आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में श्रीमती रजनी कुशवाहा प्रशिक्षक के रूप में सेवाएं देंगी। उन्हें ब्यूटी एवं वेलनेस क्षेत्र में विशेष अनुभव प्राप्त है। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को स्किन केयर एवं हेयर केयर, बेसिक एवं एडवांस मेकअप, ब्यूटी ट्रीटमेंट की आधुनिक तकनीकें, ब्राइडल मेकअप, सैलून प्रबंधन एवं ग्राहक सेवा का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ सकें। ग्राफिक्स एवं एनीमेशन डिजाइनिंग प्रशिक्षण सभी विद्यार्थियों के लिए खुला रहेगा। इस प्रशिक्षण का संचालन संजय अग्रवाल द्वारा किया जाएगा। प्रशिक्षण के अंतर्गत विद्यार्थियों को ग्राफिक डिजाइन के मूल सिद्धांत, एनीमेशन की बुनियादी एवं उन्नत तकनीकें, कैनवा डिजाइन, डिजिटल डिजाइनिंग सॉफ्टवेयर का प्रयोग, प्रोजेक्ट आधारित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जो वर्तमान डिजिटल युग में रोजगार की व्यापक संभावनाएं उपलब्ध कराता है। कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ सुनील बौरासी ने कहा कि इस प्रकार के अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण विद्यार्थियों के करियर निर्माण में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जेके जैन ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि महाविद्यालय विद्यार्थियों को केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि रोजगार से जोड़ने वाले कौशल भी प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## विद्यार्थियों ने किया ध्यान अभ्यास

**जागरण, टिमरनी।** विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत हार्टफुलनेस संस्था द्वारा विद्यार्थियों के लिए ध्यान सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को ध्यान के महत्व से अवगत कराया गया तथा सामूहिक ध्यान अभ्यास कराया गया। सत्र के दौरान हार्टफुलनेस की प्रमिता पटेल बताया गया कि ध्यान स्वयं से जुड़ने की प्रक्रिया है, जिससे मानसिक शांति, एकाग्रता और आत्म अनुशासन का विकास होता है। साथ ही विद्यार्थियों को आज रात्रि 8 बजे पूरे देश में आयोजित होने वाले सामूहिक ध्यान कार्यक्रम की जानकारी दी गई और इसमें सहभागिता के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक संदीप गोहर, कक्षा के मेंटर मुकेश शांडिल्य, दीपक गौर, प्रवीन चौरसिया, मधुर भारद्वाज, विष्णु कटारे, पप्पू पटेल सहित अनेक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## भाजपा विधानसभा की कार्यशाला संपन्न

**जागरण, रहटगांव।** अटल बिहारी वाजपेई जन्म शताब्दी वर्ष को लेकर भाजपा विधानसभा की कार्यशाला का आयोजन कामधेनु गौशाला धनपाडा में किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री राजो मालवीय मौजूद रहीं। विधानसभा स्तरीय कार्यशाला में देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्म शताब्दी वर्ष मनाए जाने पर कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया गया व कार्य योजना बनाई गई। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के 2 साल के कार्यकाल पूरे होने पर चर्चा की गई। कार्यशाला को प्रदेश मंत्री राजो मालवीय, जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा, पूर्व विधायक व अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष कुंवर संजय शाह, अखिलेश बांके ने भी संबोधित किया। देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई द्वारा किए गए विकास कार्यों पर प्रकाश डाला। इस दौरान महामंत्री बसंत राजपूत, जगदीश सोलंकी, देवी सिंह सांखला, मंडल अध्यक्ष संतोष गौर, अतुल बारंगे, सुनील डूडी, सपना अग्रवाल, निशा दुबे, मंडल महामंत्री रामकृष्ण सोलंकी सहित टिमरनी, सिराली विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडल अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, महामंत्री, बूथ अध्यक्ष सहित भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन अरुण गौर ने किया। आभार मंडल अध्यक्ष संतोष गौर ने माना।

## न्यूज कार्नर

### केशव बस्ती में 11 जनवरी को आयोजित होगा विराट हिंदू सम्मेलन

**जागरण, सिरोंज।** रविवार को पालीवाल गार्डन में केशव बस्ती के रहवासियों द्वारा 11 जनवरी को आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर केशव बस्ती से पालीवाल गार्डन तक कलशयात्रा निकाली गई। साथ ही कार्यक्रम का झंडा लगाया गया। हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। इस दौरान सत्यनारायण शर्मा, राजेन्द्र खोड़के, जयप्रकाश विश्वकमा, जितेन्द्र मालवीय, रामचरण कुशवाह सहित बड़ी संख्या में हिंदू समाजजन व महिलाऐं व बालिकाऐं शामिल रही।

### भाकिसं की मासिक बैठक संपन्न,आगामी कार्ययोजना पर हुई चर्चा

**जागरण, सिरोंज।** रविवार को भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक आनंद श्री गार्डन में संपन्न हुई। बैठक में किसानों की अनेक समस्याओं को लेकर चर्चा हुई। जिसमें किसानों की अनेक समस्याऐं आने से आगे की रणनीति बनी और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा हुई।
बैठक में विशन सिंह बघेल, अशोक शर्मा, प्रशांत जैन, राजेश श्रीवास्तव अमृत सिंह रघुवंशी, चरण सिंह राजपूत, मनोहर सिंह, बदन सिंह रघुवंशी और तहसील कार्यकारिणी और किसान बंधु उपस्थित रहे।

**साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5 वॉ चरण संपन्न**

# ठंड भी नहीं रोक सकी श्रमदानियों का संकल्प, घाट पर की साफ-सफाई



**जागरण, गंजबासौदा।**

दिसंबर की कड़ाके की ठंड के बावजूद नदी स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्ध श्रमदान दल का उत्साह और संकल्प कमजोर नहीं पड़ा। रविवार को दल के आव्हान पर बेतवा नदी स्थित रिपटा घाट पर साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 के अंतर्गत ग्यारहवें चरण का स्वच्छता कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। हर रविवार की परंपरा के अनुसार इस सप्ताह भी श्रमदान दल के सदस्य प्रातःकाल रिपटा घाट पहुँचे और जीवनदायिनी वेत्रवती के तटों के आसपास फैले कचरे की व्यापक सफाई की।

## फेंकी गई सामग्रियों के अवशेष उठाए

स्वच्छता अभियान के दौरान घाट से घरेलू उपयोग की फेंकी गई सामग्री, पूजन-हवन के पश्चात शेष बची सामग्री, पूजा में प्रयुक्त वस्त्र, दाह संस्कार के बाद शेष बचे अवशेष, मुंडन संस्कार के पश्चात इधर-उधर कटाए गए बाल तथा लापरवाहीवश फेंकी गई सेविंग ब्लेड एवं अन्य नुकीले अपशिष्ट को एकत्रित कर निर्धारित स्थान पर सुरक्षित रूप से संग्रहित किया गया। ग्यारहवें चरण में दल के सदस्यों ने छह से सात बोरी कचरा एकत्र किया।

श्रमदान दल के सदस्य एवं पेशे से शिक्षक पीयूष श्रीवास्तव ने बताया कि इन दिनों मौसम ठंडा होने के कारण नदी एवं घाटों पर लोगों की आवाजाही अपेक्षाकृत कम है। इसके चलते सामान्य दिनों की तुलना में नदी के घाटों पर फेंके जाने वाले कचरे की मात्रा में भी कमी आई है, उन्होंने कहा कि इसी कारण श्रमदान दल पिछले तीन सप्ताह से विशेष रूप से माइक्रो-प्लास्टिक के संग्रहण पर जोर दे रहा है, क्योंकि यही सूक्ष्म कचरा लंबे समय तक नदी के लिए ओर भी अधिक घातक सिद्ध होता है।

श्रमदान के दौरान दल के सदस्यों को हर सप्ताह बड़ी मात्रा में सेविंग ब्लेड मिल रही है जिसे दल ने घोर लापरवाही का परिणाम बताया। यह न केवल पर्यावरण के लिए, बल्कि घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं, श्रमदानियों जीव जंतुओं की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा है। दल के वरिष्ठ सदस्य दीपेश शर्मा कहते है कि श्रमदान समूह निरंतर घाटों पर दशाकर्म पूजन हेतु पहुँचने वाले शोकाकुल परिजनों एवं सेन समाज के शिल्पकारों से सहयोग की अपील करता आ रहा है। इसके लिए घाट पर नपा के सहयोग सेचबूतरे भी बनाए गए है इसके बावजूद कुछ हठी और संकुचित मानसिकता के लोग श्रमदान दल के प्रयासों और नदी जल स्वच्छता अभियान की उपेक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को यह समझना होगा कि नदियों की स्वच्छता में ही स्वस्थ समाज का आधार स्तंभ निहित है। यदि आज हमने नदियों की स्वच्छता की अनदेखी की, तो आने वाली पीढ़ियाँ हमें कभी क्षमा नहीं करेंगी। श्रमदान दल का मानना है कि नदी स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि निरंतर व्यवहार परिवर्तन और सामाजिक जिम्मेदारी का विषय है। जिसके लिए हम निरंतर प्रयास कर रहे है आज देश भर वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, मृदा प्रदूषण की बात हो रही है हर कोई किसी न किसी रूप में उक्त प्रदूषणों से प्रभावित एवं संक्रमित भी हो रहा है बाबजूद इसके लोग अपनी आदतों और रहन सहन में बदलाव नहीं करना चाहते। आज हर एक को समझना होगा कि स्वच्छता अभियान का नहीं, संस्कार का, व्यवहार का, आचरण का विषय है और यही गुण मानव को पशु से भिन्न बनाता है।

बता दे कि ग्यारहवें चरण के स्वच्छता कार्यक्रम में पीयूष श्रीवास्तव, राकेश रघुवंशी, दीपेश शर्मा, शेखर अहिरवार, संस्कार अग्रवाल एवं आकाश जैन ने अपनी सहभागिता दर्ज की ।

# नाली का टूटा रैंप, सड़क पर हो रहा गंदा जल भराव, लोग परेशान

**जागरण, गंजबासौदा**



वार्ड क्रमांक 15 नई बस्ती कलारी के पास जाने वाले मार्ग पर नाली चौक हो जाने के कारण गंदा पानी पिछले एक सप्ताह से मुख्य सड़क मार्ग पर बह रहा है। जिससे वहां आवागमन करने वाले पैदल राहगीर सहित दुपहिया वाहन चालक भी परेशान है और उक्त सड़क पर नगर पालिका द्वारा किया गया। डामर भी अब क्षतिग्रस्त होने लगा है। स्थानीय नागरिकों की शिकायतों के बाद भी अभी तक वहां कोई भी समाधान नहीं हो पाया। सड़क पर पानी बहने से सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली छात्र-छात्राओं को हो रही है जो गंदे पानी में से ही होकर सुबह स्कूल जाते हैं, इसके अलावा महिलाएं भी मंदिर में जल चढ़ाने के लिए इसी पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। सड़क पर पानी फैलने की शिकायत वार्ड पार्षद द्वारा की गई है फिलहाल नगर पालिका सीएमओ की कार्यशैली को लेकर भी अभी कार्य प्रभावित हो रहे हैं स्थानीय नागरिको ने नगर पालिका सीएमओ से उक्त समस्या का शीघ्राकरण करने की मांग की है।

# विश्व कल्याण की कामना को लेकर प्रयागराज तक 25 पदयात्रियों का जत्था रवाना



**जागरण, गंजबासौदा।**

विश्व कल्याण की कामना को लेकर ग्राम धोवा खेड़ी शमशाबाद तहसील के खेरी वाले बालाजी हनुमान मंदिर से 25 श्रद्धालुओं का जत्था प्रयागराज गंगा स्नान के लिए पदयात्रा पर रवाना हुआ है। शनिवार रात को यह जत्था गंजबासौदा रुका रात्रि विश्राम के बाद रविवार सुबह यह शीतला शक्ति धाम पर मां शीतला के दर्शन कर रवाना हुआ 750 किलोमीटर की पदयात्रा यह श्रद्धालु 22 दिन में पूरी कर प्रयागराज पहुंचेंगे। प्रयागराज पदयात्रा पर जाने वाले आनंद शर्मा, यदुनंदन यादव,राजित यादव शिबू यादव ने बताया कि पूर्व में भी ग्राम से प्रयागराज स्नान करने पदयात्रा कर श्रद्धालु गए हैं। इस पदयात्रा में शामिल सजेंद्र यादव,कमल यादव विजय यादव ने बताया कि पद यात्रा के लिए संपूर्ण सामग्री ट्रैक्टर ट्राली में ले जाई जा रही है। जिसमें भोजन बनाने का सामान साथ में रात्रि के समय ओड़ने के लिए गर्म कपड़े और मिनी टेंट भी शामिल है। पवन यादव, राजशेखर सेन, लालू यादव ने बताया कि शाम ढलते ही पदयात्रा जहां भी पहले ग्राम पड़ता है ।वहां अपना पड़ाव डाल देते हैं प्रातः 5 बजे उठकर फिर पदयात्रा शुरू कर देते हैं। अनुज यादव ने बताया कि प्रतिदिन 25 से 30 किलोमीटर की यात्रा का लक्ष्य रखा गया है। वहीं राजवीर, विजय सिंह, हर्षित, सुरेंद्र सिंह ने बताया कि मकर संक्रांति पर पहुंचकर गंगा स्नान कर विश्व कल्याण की कामना की जाएगी। इस पदयात्रा में जगमोहन, ओमकार, महेश, योगेंद्र यादव, बदल, राजा, दिव, शिब, गुणपत, शैलेंद्र, संजय यादव, देवेंद्र विकास, विक्रम, प्रतापभानु आदि शामिल है।

# शिविरः एक साथ किया सभी ने ध्यान



**जागरण, गंजबासौदा।**

21 दिसंबर विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर हार्ट फुलनेस श्री रामचंद्र मिशन के तत्वाधान में शहर थाना में ध्यान अभ्यास एवं देहात थाने से जन जागरण हेतु निकाले गए विशाल चल समारोह का आयोजन किया गया।

जिसमें नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि अनिल यादव अनुविभागीय अधिकारी पुलिस शिखा भलावी, शहर थाना निरीक्षक संजय बेदिया मुख्य रूप से उपस्थित रहे, कार्यक्रम में सभी पुलिसकर्मियों को एक साथ सामूहिक ध्यान भी कराया गया एवं रात्रि 8 बजे दाद जी के साथ 20 मिनिट के लिए घर पर ही ध्यान करने की अपील की गई 7 रविवार को हार्टफूलनेस श्री रामचंद्र मिशन के आश्रम पर भी बड़े स्तर पर लोगों ने पहुंचकर इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता की।

# विश्व ध्यान दिवस पर थाना प्रागंण में आयोजित हुआ ध्यान शिविर

**जागरण, सिरोंज।**



रविवार को विष्व ध्यान दिवस के उपलक्ष्य में पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार थाना प्रागंण में सुबह 10 बजे हार्टफुलनेस संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में तनाव मुक्ति के लिये ध्यान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में हार्टफुलनेस संस्था की प्रशिक्षक सविता साहू द्वारा शिविर में उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं गणमान्य नागरिकों को ध्यान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही प्रशिक्षक द्वारा ध्यान करने से मन को मिलनी वाली शांति का अहसास कराया और मन को शांत करने के फायदे बताये। जिससे पुलिस स्टॉफ अपने कर्त्वय बेहतर ढंग से कर सके। इस मौके पर एसडीएम हरिशिंकर विश्वकर्मा, एसडीओपी सुश्री सोनू डाबर, निरीक्षक विमलेश राय, सीएमओ रामप्रकाश साहू, रमेश यादव, नरेन्द्र पाटीदार सहित बड़ी संख्या में पुलिस स्टॉफ एवं गणमान्य नागरिक व महिलाऐं मौजूद रही। साथ ही एसडीओपी ने भविष्य में हर रविवार को ध्यान शिविर के आयोजन की जानकारी दी।

# साइबर ठगों पर नकेल कसने वाले आरक्षक मिश्रा मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित



**जागरण, गंजबासौदा।** प्रदेश में बढ़ते साइबर अपराधों पर लगाम लगाने और नागरिकों की गाढ़ी कमाई को सुरक्षित वापस दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले साइबर सेल के आरक्षक आशीष मिश्रा को मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया है। आशीष मिश्रा ने विशेष रूप से डिजिटल अरेस्ट जैसे नए और खतरनाक तरीकों से ठगी करने वाले गिरोहों का पर्दाफाश करने में उत्कृष्ट कार्य किया है। गौरतलब है कि साइबर जालसाज अक्सर नागरिकों को डरा-धमकाकर डिजिटल अरेस्ट के माध्यम से लूट की वारदातों को अंजाम देते आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने आशीष मिश्रा के साहस और तकनीकी कौशल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कर्मठ पुलिसकर्मी समाज के लिए प्रेरणा हैं और डिजिटल इंडिया के इस दौर में नागरिकों की सुरक्षा के लिए उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## न्यूज कार्नर

### उमरिया के छात्रों ने इंजीनियरिंग कॉलेज का किया शैक्षणिक भ्रमण

**बैतूल जागरण।**

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमरिया, विकासखंड आमला के नवमीं एवं ग्यारहवीं कक्षा के आईटी विषय के विद्यार्थियों ने श्री बालाजी इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट शिक्षण संस्थान का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा, इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों और आधुनिक शैक्षणिक वातावरण की प्रत्यक्ष जानकारी देना रहा। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को संस्थान के विभिन्न विभागों, प्रयोगशालाओं, कक्षाओं और तकनीकी संसाधनों का अवलोकन कराया गया। छात्रों ने इंजीनियरिंग से जुड़ी पढ़ाई, कंप्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग, साथ ही भविष्य में उपलब्ध करियर अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की।विद्यालय के शिक्षक गौरव मन्यासे ने बताया कि इंजीनियरिंग कॉलेज के इस शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति प्रेरणा मिली है। उन्होंने कहा कि इस तरह के भ्रमण से छात्रों में तकनीकी विषयों के प्रति रुचि बढ़ती है।

# पीपीपी मोड वाले मेडिकल कालेज को भी आम लोगों के लिए विधायक ने बताया फायदेंमंद

## मेडिकल कालेज बनने से इलाज किफायती और आधुनिक तरीके से होगा

**बैतूल जागरण।**

जिले के स्वास्थ्य सुविधाओं के इतिहास में कल का दिन ऐतिहासिक साबित होने जा रहा है। बहुप्रतीक्षित बैतूल मेडिकल कॉलेज की आधारशिला कल रखी जाएगी।

इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उपस्थित रहेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि आदिवासी बहुल बैतूल जिले को मेडिकल कॉलेज की सौगात मिलना एक बड़ी उपलब्धि है। इससे जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को नई गति मिलेगी और गंभीर व जटिल बीमारियों का इलाज अब बैतूल में ही आधुनिक तकनीक और किफायती दरों पर संभव हो सकेगा। श्री खंडेलवाल ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में गरीब मरीजों को निःशुल्क इलाज की सुविधा मिलेगी। कॉलेज का निर्माण आगामी **तीन वर्षों में पूर्ण हो जाएगा। यह मेडिकल कॉलेज पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप)



मोड पर संचालित होगा, जिसके लिए सरकार द्वारा 25 एकड़ भूमि लीज पर उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पीपीपी मॉडल को केवल निजीकरण कहना गलत है, क्योंकि इसमें सरकार का भी पूरा नियंत्रण रहेगा। वर्तमान व्यवस्था की तरह 75 प्रतिशत बिस्तरों पर इलाज पूर्णतः निःशुल्क रहेगा, जबकि शेष 5 प्रतिशत बिस्तरों पर नाममात्र शुल्क लिया जाएगा। मध्यम वर्ग एवं गैर आयकरदाताओं को रियायती दरों पर इलाज मिलेगा, वहीं आयकरदाता एवं संपन्न नागरिक भी सीजीएचएस पैकेज दरो पर किफायती इलाज करा सकेंगे। मेडिकल कॉलेज में निजी डॉक्टर भी सेवाएं देंगे और अत्याधुनिक सुविधाओं के विस्तार से अब जिलेवासियों को इलाज के लिए नागपुर या भोपाल नहीं जाना पड़ेगा। इस अवसर पर आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे ने कहा कि मेडिकल कॉलेज रोजगार के दृष्टिकोण से भी जिले के लिए मील का पत्थर साबित होगा। डॉक्टर, नर्स, पैरामेडिकल स्टाफ और अन्य सहायक कर्मचारियों के लिए नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। साथ ही स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा और रियल एस्टेट, होटल, खानपान एवं अन्य व्यवसायों का विकास होगा। उन्होंने कहा कि बैतूल चिकित्सा एवं अनुसंधान का केंद्र बनेगा, जिससे स्थानीय विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के अवसर मिलेंगे और जिला शिक्षा व रोजगार के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा।

## किसानों से पत्ता गोभी खरीदकर व्यापारी नहीं दे रहा लाखों रुपए

**मुलताई/ जागरण ।** थाना क्षेत्र के ग्राम मासोद निवासी एक व्यापारी द्वारा क्षेत्र के तीन किसानो से पत्ता गोभी की फ़सल खरीदने के बाद लाखो रुपए नहीं दिए जा रहे है। किसानो ने थाने में लिखित आवेदन देकर राशि दिलाने की मांग की है। किसान ताराचन्द पिता छोटेलाल बरोदे निवासी ताईखेडा, हेमराज पिता मुलचन्द धाकड एवं जीवनलाल पिता प्यारेलाल घिडौरे द्वारा सौपे आवेदन में बताया उन्होंने करीब 1 साल पहले मासोद निवासी सगीर शाह एवं ताहिर शाह तथा फिरोज शाह को अपने खेत की पत्ता गोभी 9 रूपये प्रति किलो के हिसाब से बेचीं थी,कुल 50 टन गोभी अनावेदक को दी थी। अनावेदक द्वारा ताराचन्द बरोदे के 2 लाख 50 हजार रूपए तथा हेमराज के 1 लाख 50 हजार रूपए एवं जीवनलाल के 40 हजार रूपए नही दे रहा है, किसानो द्वारा करीब एक साल से अनावेदकगण से कई बार रूपए मांगे गए लेकिन रुपए नहीं देकर लगातार गुमराह किया जा रहा है। किसानो ने अनावेदक गणो से शीघ्र रुपए दिलाए जाने की मांग की है।

## तहसील पटवारी संघ प्रभात पट्टन का गठन, कमलेश बने नए अध्यक्ष



**मुलताई/ जागरण ।** प्रभात पट्टन के पटवारियों द्वारा शुक्रवार को तहसील पटवारी संघ की नई कार्यकारिणी गठित की गई। जिसमे सर्व सम्मति से कमलेश पवार को अध्यक्ष,मोहित कौशिक सचिव,आरती वटके, संतलाल बारस्कर एवं राजू सोलंकी सचिव,हेमराज मसकोले कोषाध्यक्ष,धीरज सिंह खेरिया,जयंत धाकड़ सहसचिव,गणेश अमरुते एवं धनराज हजारे प्रवक्ता, मुदित नारायण फरकाडे,मनीष पवार, रविंद्र कनोजिया,सुखदेव परते संगठन मंत्री बनाए गए।प्रफुल मोहकर धीरज बुआड़े प्रचार मंत्री,मीनाक्षी महोरिया, राकेश रघुवंशी सह प्रचार मंत्री,लाल सिंह इवने, कैलाश कवड़े, वासुदेव देशमुख,देवेंद्र झाड़े संरक्षक,संदीप बोरबन, हेमंत भूमरकर,सौरभ दास, सुनील गौर,कांति साहू, मनोहर कासलेकर,प्रणय अडलक मीडिया प्रभारी तथा कृष्ण पाल पन्द्राम,बब्लू भलावी, गणेश लहरपुरे,हरीश बोरबन को सदस्य बनाया गया है।

# प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने दिखाए शिक्षाप्रद मॉडल

**मुलताई/ जागरण ।** नगर के आरडी पब्लिक स्कूल में शनिवार को विज्ञान,कला, साहित्य और सांस्कृतिक विषयों पर आधारित भव्य प्रदर्शनी 'फ्यूजन फिएस्टा का आयोजन किया गया। यह प्रदर्शनी में रचनात्मकता सृजनशीलता, ज्ञान और प्रतिभा को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित की गई।

प्रदर्शनी में कक्षा नर्सरी से बारहवी के छात्रों ने सहभागिता लेकर 1200 से अधिक विज्ञान, वाणिज्य, गणित सामाजिक विज्ञान, कला एवं साहित्य विषयो से संबंधित प्रोजेक्ट प्रस्तुत किये 7 इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नृत्य, शिक्षाप्रद नाटक में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मकता, विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा, वैज्ञानिक सोच और सांस्कृतिक जुड़ाव को एक मंच प्रदान करना था। प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण नन्हे वैज्ञानिकों द्वारा भविष्य की तकनीको पर बने बेहतरीन वर्किंग मॉडल, कला,



विज्ञानं, वाणिज्य, खेल, साहित्य एवं सामाजिक विज्ञान, गणित जैसे विभिन्न विषयों पर आधारित मॉडल, प्रोजेक्ट, प्रतिभा और कलाकृतियाँ रही। विज्ञान और सौर ऊर्जा पर आधारित प्रोजेक्ट्स ने अतिथियों को विशेष रूप से प्रभावित किया। प्रदर्शनी का अन्य विद्यालयो के अभिभावको ने भी अवलोकन किया ।

### हाट बाजार में लोगों ने खरीदे जैविक सब्जी, फल एवं खाद्यान्न

**जागरण, शिवपुरी।** जिला प्रशासन एवं किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के द्वारा साप्ताहिक जैविक एवं प्राकृतिक हाट बाजार का आयोजन जिले की पुरानी अनाज मण्डी में किया गया, जिसमें जिले के विकासखण्डों से किसानों द्वारा अपनी जैविक एवं प्राकृतिक पद्धति से उत्पादित उत्पादों सामग्री जैसे सब्जियां, फल एवं खाद्यान्न आदि सामग्री की दुकाने आमजन के लिए लगाई गई। साथ ही सृजन एनजीओ एवं एसआरएम विभाग के द्वारा भी जैविक किसानों की सहभागिता हाट बाजार में की, नगर के लोगों एवं विभिन्न विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों के द्वारा के द्वारा भी इन जैविक एवं प्राकृतिक पद्धति से उत्पादित उत्पादों को सुभल तरीके से क्रय करने के लिए उत्साह दिखा। हाट बाजार में 32 किसानों के द्वारा जैविक उपज को विक्रय हेतु दुकाने लगाई। उप संचालक कृषि सह परियोजना संचालक करोरिया द्वारा हाट बाजार में सहभागिता करने वाले किसानों को जैविक उत्पाद के विक्रय के लिए उपलब्ध कराये गए जैविक हाट बाजार के बारे में विस्तृत अवगत कराया एवं किसानों से सब्जियों क्रय की।

## कन्या शाला में बैगलेस डे पर प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**मुलताई/ जागरण ।** नगर के पीएमश्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को बैगलेस -डे का आयोजन किया गया।छात्राओं के बीच विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर प्रतिभावान छात्राओं को प्रतियोगिताओं में सम्मिलित कर प्रतिभाओं को निखारने का अवसर प्रदान कर अन्य छात्राओं को प्रेरित किया.बैगलेस-डे का प्रमुख उद् ?देश्य छात्राओं को विभिन्न गतिविधियों से जोड़कर उनकी कलाओं का मूल्यांकन कर प्रेरित करना था जिससे भविष्य में स्वयं एवं अन्य छात्राएं भी प्रेरित हो सके। इस अवसर पर चित्रकला, मेहंदी, आर्ट एड क्राफ्ट क्ले-आर्ट, रंगोली, नाटक, एकांकी, निबंध, जादू नहीं, है विज्ञान कुर्सी दौड़, चम्मच दौड़ आदि प्रतियोगिताए आयोजित की गई।जिसमे प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओ को पुरुस्कृत किया गया। बैगलेस डे के आयोजन में प्राचार्य पीके. नखरे,एमके चौकीकर, गीता गायकवाड़,माधवी गोस्वामी, रविन्द्र नानीटे, राजेश जैन एवं संस्था के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।

### मिक्कू मास्साब का निधन

**जागरण गाडरवारा ।** विजय कॉलोनी महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड निवासी दारासिंह चौहान के पिता एवं तिलकराज चौहान अजय चौहान के दादा रिटायर्ड शिक्षक हर प्रसाद चौहान मिक्कू मास्साब का 95 वर्ष की आयु में शनिवार को निधन हो गया । शव यात्रा में सभी वर्ग के लोगो ने शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संवेदनाएं व्यक्त की ।

### वृद्धाश्रम बरमान में वृद्धजनों को किट व वस्त्र वितरित

**नरसिंहपुर।** मध्यप्रदेश भारतीय रेडक्रास सोसायटी के चेयरमेन रिटायर्ड आईएएस डॉ श्याम कुमरे और जनरल सेकेट्री रामेन्द्र सिंह गुरैया का शुक्रवार को नरसिंहपुर जिले में आगमन हुआ। उन्होंने वृद्धाश्रम बरमान पहुंचकर वृद्धजनों से मुलाकात की और उन्हें दैनिक उपयोगी किट वस्त्र आदि वितरित किए। इसके पश्चात रेडक्रास सोसायटी नरसिंहपुर कार्यालय पहुंचकर उन्होंने समिति के सदस्यों से चर्चा कर कुष्ठ रोगियों को पोषण आहार किट का वितरण किया। साथ ही रेडक्रास संरक्षक सदस्य श्री संतोष अवधिया एवं श्री चंद्रशेखर साहू का सम्मान किया। इसके साथ ही उन्होंने रेडक्रास भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने रेडक्रास भवनए वृद्धाश्रम में क्या. क्या सुधार कार्य और व्यवस्थाएं की जा सकती हैंए इस पर निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने झौतेश्वर वृद्धाश्रम पहुंचकर वहां की व्यवस्थाएं देखी और आवश्यक जानकारी ली। इस अवसर पर रेडक्रास सोसायटी नरसिंहपुर के चेयरमेन डॉ् अनंत दुबे प्रमेश शंकर शर्मा श्रीमती सुनंद भट्ट सुनील कोठारी और रेडक्रास सोसायटी के सदस्य मौजूद थे।

### डांस प्रतियोगिता में आरोन बने विजेता

**जागरण गाडरवारा ।** विगत दिवस जबलपुर में जोश उत्सव संस्था द्वारा गोलबाजार स्थित सेठ गोविन्द दासआडिटोरियम में एक प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें डांस कैटेगरी में नगर के आरोन रियान कुमार विजेता रहे उन्हें जोश उत्सव संस्था द्वारा दस हजार रुपये नगद व ट्राफी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया । नगर का गौरव बढ़ाने वाले आरोन स्वप्निल राजकुमार के सुपुत्र एवं संजय राजकुमार पप्पू भैया के पोते हैं । डांस वर्ल्ड क्लास के रोनित राजपूत सहित शुभचिंतकों ने अपनी बधाइयां दी है।

#### कलेक्टर सिंह की अध्यक्षता में स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की है जवाबदारी कुपोषित बच्चों को एनआरसी भेजें : कलेक्टर

**जागरण नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न कार्यक्रमों योजनाओं व गतिविधियों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में सीएमएचओ डॉ मनीष कुमार मिश्रा जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी राधेश्याम वर्मा सिविल सर्जन डॉ आरके चौधरी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्रीमती सिंह ने नरसिंहपुर सांईखेड़ा व गोटेगांव स्वास्थ्य केन्द्रों को गर्भवती पंजीयन पूर्ण करने के निर्देश दिए।

जिन शहरी क्षेत्र के वार्डों में आशा कार्यकर्ता नहीं है वहां आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से कार्य लिया जावे। गोटेगांव में एचबीएनसी में 83 प्रतिशत उपलब्धि पाई गई। आरबीएसके कार्यक्रम की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। जिले में एनआरसी के पलंग में वृद्धि करने और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चीचली में एनआरसी



के लिए प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की जवाबदारी है कि वे कुपोषित बच्चों को एनआरसी में अवश्य भेंजे। जिले के अधिकारी स्वास्थ्य संस्थाओं का भ्रमण करें और निरीक्षण पंजी में अपनी टीम अवश्य अंकित करें। साथ ही सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में निरीक्षण पंजी रजिस्टर अवश्य रखें। बैठक में कलेक्टर श्रीमती सिंह ने निर्देश दिए कि सांईखेड़ा ब्लॉक में शतप्रतिशत एनसीडी पोर्टल में हाईपरटेंशन की स्क्रीनिंग करने के निर्देश दिए। जिन स्वास्थ्य केन्द्रों में कर्मचारी नहीं है और आईडीएसपी कार्यक्रम की रिपोर्ट की वैकल्पिक व्यवस्था करें। टीबी कार्यक्रम के तहत हितग्राहियों को अधिक से अधिक फूड बास्किट प्राप्त होए इसके लिए जनप्रतिनिधियों व सक्षम व्यक्तियों से सहयोग प्राप्त करें और उनका प्रचार. प्रसार करें। जिले की आंगनबाड़ी केन्द्रों में गर्भवती महिलाओं व बच्चों को समय पर पोषण आहार वितरित हो। अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत नेत्र परीक्षण शिविरों का आयोजन किया जाए। राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की शतप्रतिशत उपलब्धि इस माह पूर्ण की जावे।

बैठक में सीएमएचओ डॉण् मनीष कुमार मिश्रा ने कुपोषण से निपटने के लिए कार्ययोजना माइक्रो प्लान के बारे में बताया। इसके तहत जिलाए तहसील ब्लॉक एवं ग्राम स्तर पर सभी अधिकारी. कर्मचारियों को कुपोषण के बारे में जानकारी देने शीघ्र निदान करने और बीमारी का इलाज अतिशीघ्र करने के बारे में बताया।

## संत गाडगे महाराज की पुण्यतिथि पर खिचड़ी प्रसादी का वितरण



**जागरण गाड़रवारा।** रजक युवा महासंघ गाडरवारा के तत्वावधान में हमारे रजक समाज के महान संत स्वच्छता एवं सेवा के प्रतीक संत शिरोमणि पूज्य गाडगे बाबा जी की 69वीं पुण्यतिथि के पावन अवसर पर श्रद्धा.सुमन अर्पित करते हुए स्थान शनि मंदिर बोदरी रोड प्रसादी स्वरूप खिचड़ी वितरण सेवा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधिवत भगवान भोलेनाथ एवं श्री शनि महाराज जी की पूजा.अर्चना की गईए तत्पश्चात खिचड़ी वितरण कर समाजजनों ने पुण्य लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में समस्त रजक समाज की सराहनीय सहभागिता रही। इस सेवा कार्य को सफ्ल बनाने में विशेष रूप सेचंचल रजक जिला संरक्षकमुकेश रजक जिला महामंत्री राम मनोहर रजक जिला उपाध्यक्ष राजदीप रजक नगर अध्यक्ष मोनू रजक नगर उपाध्यक्ष कान्हा रजक नगर सचिव पप्पू रजक नगर सचिव पप्पू रजक कोषाध्यक्ष राजकुमार रजक नगर मीडिया प्रभारीसहित अभिषेक अनिल रामस्वरूप बबलए हेमकुमार राहुलए धर्मेंद्र रजक एवं अन्य समस्त रजक बंधुओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।रजक युवा महासंघ गाडरवारा समस्त रजक समाज के बंधुओं एवं समाजजनों का सपरिवार उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफ्ल बनाने हेतु हृदय से आभार व्यक्त करता है।

## जिला शिक्षा अधिकारी ने किया विद्यालयों का निरीक्षण

**जागरण गाडरवारा।** गत दिवस जिला शिक्षा अधिकारी प्रतुल इंदुरख्या ने गाडरवारा के शास आदर्श उमा विद्यालय एवं शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चीचली का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने मुख्य रूप से कक्षा 10वी में बच्चों से प्रश्न पूछे एवं 10वी में पढ़ाने वाले शिक्षकों को परीक्षा की तैयारी के लिहाज से कैसे पढ़ाते हैएपढ़वा कर देखा।उन्होंने निर्देश दिया कि बच्चों को प्रतिदिन कुछ प्रश्न दिए जाए और दूसरे दिन उनसे लिखवा कर जांच की जाए। उन्होंने कहा कि कमजोर विद्यार्थियों के स्तर को सुधारने हेतु विशेष कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। उन्होंने शिक्षकों और



बच्चों के प्रयास को संतोषजनक बताया एवं निरंतर सुधार की अपेक्षा जताई। इस दौरान श्री इंदुरख्या के मार्गदर्शन से बच्चो और शिक्षकों ने और अच्छा प्रयास करने का संकल्प लिया।

# वरिष्ठता बहाली एवं ई अटेंडेंस बंद कराने की मांग को लेकर राज्य अध्यापक संघ ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**जागरण नरसिंहपुर।** रविवार को राज्य शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के प्रदेश व्यापी आह्वान पर ष्नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता बहाली एवं ई अटेंडेंस बंद किये जाने् हेतु जिला मुख्यालय नरसिंहपुर पर राज्य शिक्षक संघ जिला ईकाई द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा गया। जिला अध्यक्ष अजीत जाट के नेतृत्व में सौंपे गये ज्ञापन में उल्लेखित किया गया है कि राज्य शिक्षा सेवा में अध्यापक संवर्ग की नियुक्ति 1 जुलाई 2018 से की गईं है। उस दिन के बाद से आज दिनांक तक वरिष्ठता को लेकर शिक्षकों में भ्रम की स्तिथि बनी हुई है एवं उन्हें नियुक्ति दिनांक वरिष्ठता न मिलने के कारण अनेक लाभो से वंचित होना पड़ रहा है।



अतः अध्यापक संवर्ग को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता का लाभ दिया जाये। ज्ञापन में संघ ने अवगत कराया कि मप्र के शासकीय विद्यालयों में शिक्षक नियमित रूप से उपस्थित होकर निष्ठापूर्वक अपना कार्य ईमानदारी से करते है जिसके परिणामस्वरुप प्रदेश की मेरिट सूची में शासकीय स्कूलों से विद्यार्थी स्थान पाते है। वर्तमान में विभाग द्वारा शुरू की गईं ई अटेंडेंस व्यवस्था अव्यवहारिक है इसीलिए इसे बंद किया जाये। इस अवसर पर ज्ञापन सौंपने वालों में प्रदेश पदाधिकारी जिला ब्लॉक तहसील कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारियों एवं जिले के समस्त शिक्षक साथी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## न्यूज कार्नर

### गौशाला में गौवंश शेड का लोकार्पण आज

**जागरण, इटारसी।** श्रीद्वारिकाधीश राम जानकी मंदिर समिति एवं जन सहयोग से संचालित श्रीश्रीजी कृपा गौशाला में अन्तर्राष्ट्रीय कथा व्यास परम पूज्य गोवत्स राधाकृष्ण महाराज एवं समिति अध्यक्ष विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा के द्वारा गौशाला परिसर में गौ वंश के लिए निर्मित नए शेड का लोकार्पण 22 दिसम्बर सुबह 10 बजे श्रीजी कृपा गौशाला न्यास कालोनी में किया जाएगा। यह जानकारी श्रीजी कृपा गौशाला समिति रमेश चांडक के माध्यम से दी गई है।

### आज से नानी बाई रो मायरो का आयोजन

**जागरण, इटारसी।** धार्मिक नगरी इटारसी में 22 दिसंबर से मालपानी परिवार द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम में जोधपुर के अंतरराष्ट्रीय कथा व्यास राधा कृष्ण महाराज अपने मुखारविंद से नानी बाई रो मायरो की कथा सुनाएंगे। कथा सोमवार से बुधवार तक दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक मालपानी परिसर में होगी।

### मंच मनाएगा 26 वां स्थापना दिवस

**जागरण, इटारसी।** वरिष्ठ नागरिक मंच की मासिक बैठक का आयोजन गोठी धर्मशाला के कक्ष में हुआ। बैठक की अध्यक्षता मंच अध्यक्ष डॉ विनोद कुमार सीरीया ने की। जन गण मन राष्ट्रगान से बैठक आरंभ हुई। मंच सदस्यों ने मंच अध्यक्ष डॉ विनोद सीरिया की आयु के 75 वर्ष पूर्ण होने पर अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत शाल श्रीफल भेंट कर स्वागत किया। बैठक में डॉ उप्पल और डॉ सीरीया ने अपने जीवन के संस्मरण सुनाए। इस अवसर पर मंच अध्यक्ष डॉ सीरिया ने सूचना दी की आगामी 1 जनवरी को मंच का 26 वां स्थापना दिवस समारोह पूर्वक से मनाया जाएगा। बैठक में डॉ ज्ञानेंद्र पांडे डॉ ए के शुक्ला, राजकुमार दुबे, सुरेश रघुवंशी, शिवनारायण बुधोलिया, अरुण मेहतो, हेमंत भट्ट, सुश्री सीपी ठाकुर, जयप्रकाश अग्रवाल, गोविंद दीक्षित, टीआर चौलकर, सूरत सिंग सोलंकी सुशील शर्मा उपस्थित रहे।

### अंत्येष्टि सामग्री श्मशान में की दान

**जागरण, इटारसी।** समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी सेवा एक पहल चैरिटेबल ट्रस्ट ने एक बार फिर संवेदनशीलता का परिचय दिया है। ट्रस्ट द्वारा स्थानीय शांति धाम में जरूरतमंद परिवारों की सहायता हेतु अंत्येष्टि सामग्री दान की गई। ट्रस्ट ने अंत्येष्टि में उपयोग होने वाली आवश्यक सामग्री जैसे घी, शक्कर, राल और कपूर उपलब्ध कराई है। ट्रस्ट का उद्देश्य है कि किसी भी निर्धन व्यक्ति का अंतिम संस्कार संसाधनों के अभाव में न रुके। ट्रस्ट के इस पुनीत कार्य की सराहना करते हुए शांति धाम श्मशान घाट के कार्यकारी सदस्य प्रमोद पगारे ने सेवा एक पहल चैरिटेबल ट्रस्ट परिवार का आभार व्यक्त किया।

### शिविर में 300 ग्रामीणों को मिला उपचार

**जागरण, इटारसी।** आदिवासी विकासखंड केसला के ग्रामीणों के लिए रविवार का दिन राहत भरा रहा। ग्राम केसला में एक निःशुल्क विशेषज्ञ परामर्श शिविर का आयोजन किया। शिविर का समय दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक तय किया गया था, लेकिन मरीजों की बढ़ती कतारों को देखते हुए इसे शाम 5 बजे तक बढ़ाया गया। शिविर में केसला सहित आसपास के दर्जनों गांवों के 300 से अधिक मरीजों ने अपना उपचार कराया।

---

गोल कैंसिल होने पर जालंधर की टीम ने किया वॉकआउट, आयोजकों और तकनीकी टीम की समझाइश के बाद शुरू हुआ खेल

# विवादों के बीच प्रयागराज के नाम रही हॉकी की ट्रॉफी

**जागरण, इटारसी।** अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता का समापन रविवार को हाई-वोल्टेज ड्रामे और जबरदस्त रोमांच के साथ हुआ। फाइनल मुकाबले में उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज ने इंडियन आर्मी ग्रीन जालंधर को पेनाल्टी शूट-आउट में 3-2 से हराकर खिताब अपने नाम किया। हालांकि, मैच के दौरान एक विवादित गोल को लेकर मैदान पर गहमागहमी की स्थिति बनी रही, जिससे खेल कुछ देर के लिए बाधित भी हुआ।

### मैदान पर गरमाया विवाद जालंधर का वॉकआउट

मैच के दौरान जालंधर टीम द्वारा किए गए एक गोल को अंपायरों ने कैंसिल कर दिया, जिससे टीम नाराज हो गई। विरोध स्वरूप जालंधर की टीम ने मैदान से वॉकआउट कर दिया और खेल करीब 10 मिनट तक रुका रहा। इसके बाद आयोजन समिति के सदस्यों और टेक्निकल कमेटी ने टीम को समझाइश दी, जिसके बाद खिलाड़ी वापस मैदान पर लौटे। पूरे मैच के दौरान कई बार तनावपूर्ण स्थिति बनी, लेकिन तकनीकी टीम और अंपायरों ने सूझबूझ से मामला शांत कराया।

**प्रयागराज ने रोमांचक शूट-आउट में जालंधर आर्मी को दी मात**






### अमर ज्योति इटारसी ने जीता दर्शकों का दिल

तीसरे स्थान के लिए हुए मुकाबले में स्थानीय टीम अमर ज्योति क्लब इटारसी ने जबरदस्त जज्बा दिखाया। 54वें मिनट तक बिलासपुर से 1-0 से पिछड़ने के बाद, इटारसी ने 59वें मिनट में बराबरी का गोल दागा। शूट-आउट में इटारसी ने बिलासपुर को 3-2 से मात देकर तीसरा स्थान हासिल किया।

### फाइनल का रोमांच शूट-आउट से फैसला

खेल के 10वें मिनट में जालंधर ने 1-0 की बढ़त बनाई, जिसे प्रयागराज के जस्सी ने बराबर किया। दूसरे क्वार्टर में स्कोर एक बार फिर जालंधर के पक्ष में 2-1 हुआ, लेकिन प्रयागराज के अजय ने पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदलकर मुकाबला 2-2 की बराबरी पर ला दिया। निर्धारित समय तक बराबरी रहने पर शूट-आउट हुआ, जिसमें प्रयागराज ने 3-2 से ऐतिहासिक जीत दर्ज की।

### गरिमामय समापन एवं सम्मान

मुख्य अतिथि डॉ. सीतासरन शर्मा, सांसद दर्शन सिंह चौधरी और नपाध्यक्ष पंकज चौरे ने विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान की। स्वागत समिति अध्यक्ष शैलेन्द्र दुबे ने आयोजन को सफल बनाने के लिए सफाई कर्मियों, ग्राउंड स्टाफ, तकनीकी टीम का आभार व्यक्त किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष राहुल चौरे, नपा उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत, वरिष्ठ खिलाड़ी एससी लाल, तकनीकी टीम से दीपसिंह ठाकुर, शेख नियाज, जयसिंह भदौरिया, व्यवसाई निपुण गोठी, शिरीष कोठारी और जयकिशोर चौधरी सहित हजारों खेल प्रेमी मौजूद रहे।

**दर्शकों का सैलाब :** पूरी प्रतियोगिता के दौरान स्टेडियम खचाखच भरा रहा। खासकर इटारसी की टीम की जीत और प्रयागराज-जालंधर के संघर्ष ने दर्शकों को अंत तक बांधे रखा।

### इन्होंने ये कहा...

सबके सहयोग से प्रतियोगिता सफल रही है, हम हॉकी की उन्नति के लिए प्रयासरत हैं, लोग आयेंगे, जाएंगे, कोचेस बदलते रहेंगे, लेकिन ये प्रतियोगिता चलती रहेगी।

**डॉ सीतासरन शर्मा**, विधायक

–

दोनों टीमों ने शानदार खेल दिखाया, लेकिन हार-जीत से ऊपर इटारसी ने सबका दिल जीत लिया। आयोजन समिति, खिलाड़ियों और सभी टीमों को बधाई व शुभकामनाएं। आगामी टूर्नामेंट में कैमरा व रिप्ले की व्यवस्था की जाएगी।

**दर्शन सिंह चौहान**, सांसद

–

हम तो सहयोगी रहे हैं, सीनियर प्लेयर्स, युवा टीम ने काफी मेहनत की, दर्शकों का अच्छा रेस्पॉन्स मिला और आयोजन सफल हुआ, सभी को बधाई।

**पंकज चौरे**, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद इटारसी

---

# पीडब्ल्यूडी का गजब कारनामा, सीमा स्तंभ के दोनों तरफ तान दी सड़क, वन भूमि को भी नहीं बख्शा

**जागरण, इटारसी।** जिले के वनमंडल में लोक निर्माण विभाग की एक बड़ी कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में है। लालपानी-पीपलगोटा मार्ग पर सड़क निर्माण के दौरान नियमों को ताक पर रखकर वन भूमि पर अतिक्रमण करने का मामला सामने आया है।

### क्या है पूरा मामला?

लोनिवि द्वारा बनाई जा रही सड़क रांझी सर्किल के दक्षिण रांझी बीट से गुजरती है। यहां एक मुनारा सीमा स्तंभ, जो दो वन क्षेत्रों की सीमा निर्धारित करता है, अब सड़क के बीचों-बीच खड़ा है।

**नियम का उल्लंघन :** विभाग को मुनारे के केवल एक तरफ से सड़क बनाने की अनुमति थी, लेकिन निर्माण के दौरान मुनारे के दोनों ओर सड़क बना दी गई।

**स्थिति :** मुनारा हमेशा वन सीमा को दर्शाता है, लेकिन लोक निर्माण विभाग की लापरवाही से अब वन भूमि का हिस्सा सड़क में तब्दील हो गया है।

**मुख्य बिंदु**

- मुनारे के दोनों तरफ सड़क बनाकर वन भूमि पर कब्जा किया गया।
- लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों द्वारा मौका निरीक्षण के बाद भी भुगतान जारी कर दिया।
- वन विभाग की ओर से कड़ी कार्रवाई का अब भी इंतजार है।

**अधिकारियों की भूमिका पर सवाल :** हैरानी की बात यह है कि इस कार्य के पर्यवेक्षक दीपक शर्मा के अनुसार, उप-यंत्री और अनुविभागीय अधिकारी इस सड़क का निरीक्षण कर चुके हैं। इसके बावजूद संबंधित ठेकेदार फर्म को करोड़ों रुपये का भुगतान भी कर दिया गया है। लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस गंभीर त्रुटि पर अब तक चुप्पी साध रखी है।

### वन विभाग की कार्रवाई का इंतजार

वन विभाग के नियमों के अनुसार, यदि कोई वन भूमि के स्वरूप को बदलने या उसे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करता है, तो संबंधित व्यक्ति या ठेकेदार के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण दर्ज करना अनिवार्य है। हालांकि वन विभाग ने मामले को संज्ञान में लिया है, लेकिन स्थानीय अमले द्वारा अब तक कोई औपचारिक एफआईआर या मामला दर्ज नहीं किया गया है।

### इनका कहना है...

मामला हमारे संज्ञान में है, हम जल्द ही संबंधितों के खिलाफ नियम अनुसार कार्रवाई की प्रक्रिया कर रहे हैं।

**अभिषेक शर्मा**, रेंजर इटारसी

---

# अनुशासनहीनता कतई बर्दाश्त नहीं, पार्टी फोरम पर ही रखें अपनी बात : नायडू

**जागरण, इटारसी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की सचिव एवं प्रदेश सह-प्रभारी उषा नायडू ने रविवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में कार्यकर्ताओं को कड़ा संदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि अनुशासनहीनता करने वालों पर अब कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### सोशल मीडिया पर बयानबाजी से बचें

बैठक को संबोधित करते हुए उषा नायडू ने कहा संगठन में अनुशासन सर्वोपरि है। किसी कार्यकर्ता को शिकायत है, तो उसे सार्वजनिक रूप से या सोशल मीडिया पर उठाने के बजाय सीधे पार्टी फोरम में दर्ज कराए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर आने वाले समय में चारों विधानसभा क्षेत्रों में जीत हासिल करने का आह्वान किया।




### मतदाता सूची पुनरीक्षण पर हुई समीक्षा

इस दौरान मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को लेकर भी विस्तृत समीक्षा की गई। वरिष्ठ कांग्रेस नेता मानक अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं के उत्साह को देखते हुए 2028 में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने का दावा किया।

### नेताओं का हुआ स्वागत

इससे पहले जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय और जिला प्रभारी ओम पटेल ने अतिथियों का स्वागत किया। बैठक में बड़ी संख्या में जिले भर के कांग्रेस जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रवक्ता अनिल रैकवार ने किया एवं आभार नगर अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी ने माना।

---

# रेलवे ने ऐन वक्त पर बदला ट्रेन का प्लेटफार्म, मची अफरा-तफरी



**जागरण, इटारसी।** स्थानीय रेलवे जंक्शन पर रेल प्रशासन की अदूरदर्शिता का खामियाजा एक बार फिर आम यात्रियों को भुगतना पड़ा। शनिवार को गाड़ी संख्या 20423 सिवनी-फिरोजपुर एक्सप्रेस का प्लेटफार्म अचानक बदल दिए जाने से स्टेशन पर भारी गहमा-गहमी और अव्यवस्था का माहौल निर्मित हो गया।

### खाली था प्लेटफार्म, फिर भी बदली जगह

जानकारी के अनुसार, ट्रेन को निर्धारित शेड्यूल के मुताबिक प्लेटफार्म नंबर एक पर आना था। बड़ी संख्या में यात्री अपने भारी सामान के साथ प्लेटफार्म नंबर एक पर ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। हैरानी की बात यह रही कि प्लेटफार्म नंबर एक पूरी तरह खाली होने के बावजूद, ट्रेन आने के ठीक पहले रेल प्रशासन द्वारा इसे प्लेटफार्म नंबर दो पर लेने की अनाउंसमेंट की गई।

### बुजुर्गों और दिव्यांगों की बढ़ी मुसीबत

प्लेटफार्म बदलने की सूचना मिलते ही यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। अपना भारी सामान लेकर एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म की ओर दौड़ते यात्रियों के कारण स्टेशन पर भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। इस लापरवाही का सबसे बुरा असर बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांग यात्रियों पर पड़ा, जिन्हें सीढ़ियां चढ़कर दूसरे प्लेटफार्म तक पहुंचने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

**यात्रियों में आक्रोश :** स्टेशन पर मौजूद यात्रियों ने रेल प्रशासन की इस कार्यप्रणाली पर कड़ा रोष व्यक्त किया है। यात्रियों का कहना है कि जब प्लेटफार्म नंबर एक खाली था, तो जानबूझकर ट्रेन को दूसरे प्लेटफार्म पर क्यों भेजा गया। इस तरह की अचानक घोषणाएं न केवल असुविधाजनक हैं, बल्कि व्यस्त समय में बड़े हादसे को न्यौता भी दे सकती हैं।

---

# उपलब्धि: अभिनेता चेलानी बने भारतीय सिंधु सभा के राष्ट्रीय एपॉवरमेंट प्रभारी

**जागरण, इटारसी।** कला और अभिनय के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने वाले शहर के गौरव, अभिनेता राहुल चेलानी को सिंधी समाज की सबसे प्रतिष्ठित संस्था भारतीय सिंधु सभा युवा शाखा में एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय जिम्मेदारी सौंपी गई है। राहुल चेलानी को संगठन का राष्ट्रीय एंपॉवरमेंट प्रभारी मनोनीत किया गया है।



### शीर्ष नेतृत्व का भरोसा

राहुल चेलानी की यह नियुक्ति भारतीय सिंधु सभा के राष्ट्रीय संरक्षक भगवान दास सबनानी, युवा शाखा के राष्ट्रीय अध्यक्ष निखिल मेठिया और राष्ट्रीय महामंत्री मनीष मालानी के सानिध्य में की गई है। संगठन को उम्मीद है कि राहुल के अनुभवों का लाभ समाज के युवाओं को सशक्त बनाने और उन्हें नई दिशा देने में मिलेगा।

### समाज में हर्ष की लहर

राष्ट्रीय स्तर पर इतनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर इटारसी सहित प्रदेश के सिंधी समाज और कला जगत में हर्ष व्याप्त है। राहुल चेलानी ने अपनी इस नियुक्ति पर शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे समाज के सशक्तिकरण और युवाओं को संगठन से जोड़कर रचनात्मक कार्यों को गति देने के लिए पूरी निष्ठा से काम करेंगे।

### तनाव से मुक्ति पाने पुलिस ने किया ध्यान

**जागरण, इटारसी।** पुलिस विभाग के कर्मचारियों को मानसिक तनाव से मुक्त करने और कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए एक अनूठी पहल शुरू की गई है। अब प्रदेश के सभी थानों में प्रत्येक रविवार सुबह 10 बजे ध्यान सत्र आयोजित किए जाएंगे। 21 दिसंबर, विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर वैश्विक संस्था हार्टफुलनेस के सहयोग से इटारसी सहित आसपास के सभी थानों जीआरपी, सिटी कोतवाली, पथरौटा, रामपुर गुर्रा, केसला, तवा नगर में विशेष ध्यान सत्र आयोजित किए गए। इस दौरान संस्था सदस्य मौजूद रहे।

# मालवीय समाज के चुनाव संपन्न हरीश अध्यक्ष, मनोज बने सचिव

**जागरण, इटारसी।** मालवीय समाज के वार्षिक चुनाव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुए, जिसमें समाज की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया में समाज के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सर्वसम्मति एवं मतों के आधार पर पदाधिकारियों का चयन किया।

चुनाव परिणामों की घोषणा के अनुसार, हरीश मालवीय को समाज का नया अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। उनकी घोषणा के बाद समाज के लोगों ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया और उनके नेतृत्व पर भरोसा जताया। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में अध्यक्ष हरीश मालवीय, उपाध्यक्ष राजकुमार मालवीय, सचिव मनोज मालवीय, कोषाध्यक्ष नर्मदा प्रसाद मालवीय निर्वाचित हुए। अध्यक्ष हरीश मालवीय ने समाज का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी प्राथमिकता समाज को संगठित करना, सामाजिक कुरीतियों को दूर करना और युवाओं की शिक्षा व प्रगति के लिए कार्य करना होगी।

### स्कूली छात्राओं ने किया कालेज का शैक्षणिक भ्रमण

**जागरण, इटारसी।** कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत आओ जाने महाविद्यालय कार्यक्रम का प्रभावी संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में शासकीय कन्या विद्यालय की छात्राओं ने शासकीय कन्या महाविद्यालय पहुंचकर महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, प्रयोगशालाओं, खेल सुविधाओं एवं अन्य आधारभूत संसाधनों का अवलोकन किया। उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात को बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में कुछ अभिभावकों के साथ विद्यालय के शिक्षक महेश मालवीय, अनुराधा मिश्रा, प्रीति शिवहरे एवं प्रणिता पटेल की उपस्थिति रही।

इस अवसर पर छात्राओं ने कॉलेज चलो अभियान, उच्च शिक्षा की संभावनाओं, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, बहुविषयक शिक्षा प्रणाली एवं विभिन्न करियर अवसरों से संबंधित जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। छात्राओं ने महाविद्यालय की विज्ञान प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, खेल विभाग, डिजिटल क्लासरूम, विभिन्न विषयों के विभागों तथा वहां उपलब्ध सुविधाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। कॉलेज चलो अभियान के प्रभारी डॉ. शिरीष कुमार परसाई ने कहा कि विद्यालय स्तर से ही छात्राओं को महाविद्यालयीन वातावरण से परिचित कराना आवश्यक है, जिससे वे उच्च शिक्षा को लेकर सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित कर सकें और सही करियर का चयन कर सकें। इस अवसर पर महाविद्यालयीन स्टाफ मौजूद रहा।

---

**मरम्मत** | पुरानी खामियों को सुधारा जा रहा, दुर्घटना का खतरा होगा कम, राहगीरों को मिलेगी सुविधा

# सड़कों को मिलेगी नई जान, मरम्मत कार्य शुरू



**जागरण, इटारसी।** शहर की जर्जर सड़कों के कारण परेशान नागरिकों के लिए एक बड़ी राहत भरी खबर है। मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना 'कायाकल्प-2' के तहत सड़क निर्माण प्रारंभ होने से पहले शहर की प्रमुख सड़कों की मरम्मत का काम आखिरकार शुरू हो गया है, इसके बाद निर्माण का काम भी शुरु होगा। नई ठेका कंपनी ने वर्तमान में सोनासांवरी नाका के पास से पुरानी रोड के गड्ढों को भरने का काम शुरू कर दिया है।

### दुर्घटना संभावित क्षेत्रों पर फोकस

शुरुआत में, कंपनी जर्जर हो चुकी सड़कों के गड्ढों की मरम्मत पर ध्यान केंद्रित कर रही है। काम प्रारंभ होने के साथ ही बस स्टैंड से एसीसी तिराहा तक रोड के बीच बने बड़े गड्ढों को भरने का काम भी शुरू होगा। इन गड्ढों के कारण अक्सर दुर्घटनाएं होती थीं, जिनकी संभावना अब कम हो जाएगी। मरम्मत और नई रोड निर्माण के बाद, नागरिकों को सड़कों पर उड़ती धूल और गड्ढों से उत्पन्न होने वाली असुविधा से भी बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। सड़कें दुरुस्त होने के बाद, न सिर्फ आवागमन सुगम होगा, बल्कि शहर की सुंदरता में भी वृद्धि होगी। नागरिकों को उम्मीद है कि यह काम तय समय सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा होगा।

मिली जानकारी अनुसार, नई ठेका कंपनी ने काम शुरू करने से पहले पिछली ठेका कंपनी द्वारा किए घटिया कार्य में सुधार करने का निर्णय लिया है। यह सुनिश्चित करने के बाद ही मुख्य निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा, ताकि भविष्य में रोड की गुणवत्ता बनी रहे। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे पहले ही यह आश्वस्त कर चुके हैं कि जर्जर सड़कों की मरम्मत और कायाकल्प की सड़कों का काम जल्द शुरू होगा। डामर प्लांट मानसून के कारण बंद था, जो अब चालू हो चुका है, जिससे काम में तेजी आने की संभावना है।

---

**गौरव :** कीरतपुर के एक्सप्रेस न्यूट्रीमेंट्स को मिली

# 5 स्टार रेटिंग , बना जिले का रोल मॉडल

**जागरण, इटारसी।** औद्योगिक क्षेत्र कीरतपुर स्थित एक्सप्रेस न्यूट्रीमेंट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड राइस प्लांट ने अपनी कार्यप्रणाली और बेहतर प्रबंधन से पूरे प्रदेश में जिले का नाम रोशन किया है। मप्र शासन के श्रम विभाग ने कंपनी को श्रमश्री स्टार रेटिंग के तहत सर्वोच्च 5 स्टार रेटिंग से सम्मानित किया है।

### क्यों मिली यह रेटिंग?

यह सम्मान किसी भी औद्योगिक इकाई के लिए सर्वोच्च माना जाता है। एक्सप्रेस न्यूट्रीमेंट्स को यह रेटिंग मुख्य रूप से मानकों पर खरा उतरने के लिए दी गई है।

### सौर ऊर्जा में भी जिला स्तर पर अव्वल

कंपनी की दूरगामी सोच का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यहां जिले का सबसे बड़ा सोलर बिजली उत्पादन संयंत्र स्थापित है। सौर ऊर्जा का उपयोग कर कंपनी ने न केवल बिजली की बचत की है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक बड़ा उदाहरण पेश किया है।

### यह मानक रहे

- **श्रमिक कल्याण :** प्लांट में कार्यरत कर्मचारियों और श्रमिकों के हितों व सुविधाओं का विशेष ध्यान रखना।
- **पर्यावरण संरक्षण :** औद्योगिक गतिविधियों के साथ-साथ प्रकृति का संतुलन बनाए रखना।
- **तय मापदंडों का पालन :** शासन द्वारा औद्योगिक इकाइयों के लिए निर्धारित सभी सुरक्षा और कानूनी नियमों का शत-प्रतिशत पालन।

### कारोबार विस्तार में मिलेगी मदद

इस 5 स्टार रेटिंग के मिलने से अब कंपनी की विश्वसनीयता और अधिक बढ़ गई है। यह प्रमाणन न केवल प्लांट के बेहतर प्रबंधन को दर्शाता है, बल्कि इसके आधार पर कंपनी के लिए अन्य स्थानों पर अपना कारोबार फैलाना और नई ऊंचाइयों को छूना भी काफी आसान हो जाएगा। एक्सप्रेस न्यूट्रीमेंट्स को मिली यह उपलब्धि अन्य उद्योगों के लिए भी प्रेरणा का केंद्र है कि कैसे श्रमिक हित और पर्यावरण संरक्षण को साथ लेकर सफलता प्राप्त की जा सकती है।